बरेली, रविवार
23 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4+4=24

# दैनिक जागरण

**Page No: IV Top**

### श्रीराम मूर्ति क्रिकेट एकेडमी ने हाईटेक हास्पिटल वाराणसी को 66 रन से हराया

# एसआरएमएस एकेडमी और एसजी कैंट मेरठ ने जीते क्रिकेट मुकाबले

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट पांचवें सीजन में शनिवार को दो क्रिकेट मुकाबले खेले गए। इसमें ग्रुप बी में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने हाईटेक हास्पिटल वाराणसी को 66 रन और एसजी कैंट मेरठ ने ठेकेदार इलेवन बरेली को सात विकेट से हराया। एसआरएमएस एकेडमी के गोल्डी मलिक को और एसजी कैंट के प्रथम सलूजा को मैन आफ द मैच चुना गया।



मैच के दौरान रन लेने के लिए दौड़ लगाते बल्लेबाज • सौ. आयोजक

एसआरएमएस स्टेडियम में आयोजित श्री राम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट के पांचवें सीजन में शनिवार को नौवां मुकाबला एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित और हाईटेक हास्पिटल वाराणसी के बीच ग्रुप बी का मैच खेला गया। इसमें एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के कप्तान अनंत भटनागर ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी चुनी। ओपनर हर्ष राणा और तुषार ने आक्रामक खेलते हुए पहले विकेट की साझेदारी में चार ओवर में 51 रन बनाए। हर्ष राणा ने 40 रन महज 16 गेंदों में बनाए। तुषार ने 45 रन 40 गेंदों में बनाए। कप्तान अनंत ने 19 गेंदों पर 47 रन बनाकर टीम का स्कोर 191 रनों के पार पहुंचाया। जवाब में उतरी हाईटेक हास्पिटल वाराणसी के सिद्धांत सिंह ने 25 गेंदों पर 29 रन और रोशन चौहान ने 56 रन 40 गेंदों पर चार चौके, तीन छक्के लगाकर बनाए। इसके बाद ने आठ विकेट पर 125 रन बनाए।

**रोमांचक मुकाबले में एसजी कैंट मेरठ ने ठेकेदार इलेवन बरेली को सात विकेट से हराया**

### टूर्नामेंट में आज

टूर्नामेंट का 11वां और 12वां लीग मैच सोमवार को खेला जाएगा। इसमें सुबह 8.30 बजे एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी व स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली के बीच और दोपहर 12.30 बजे एसजी कैंट मेरठ व राजश्री क्लब बरेली की टीमें एक दूसरे का सामना करेंगी।

टूर्नामेंट का 10वां मैच ग्रुप डी की टीमें ठेकेदार इलेवन बरेली व एसजी कैंट मेरठ के बीच खेला गया। इसमें ठेकेदार इलेवन ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाए। राजश्री क्लब बरेली के खिलाफ 67 गेंदों पर 127 रन बनाने वाले विकास सिंह ने शनिवार को भी आक्रामक पारी खेली लेकिन वह सात रन से अपना और टूर्नामेंट का दूसरा शतक बनाने से चूक गए। विकास ने 48 गेंदों पर नौ चौके और पांच छक्के की मदद से 93 रन बनाए। जवाब में एसजी कैंट मेरठ की टीम की ओर से इंजिमाम ने 22 गेंदों पर 34 रन और पुशु प्रधान ने 37 गेंदों पर 52 रन, सात चौके और एक छक्का लगाकर बनाए। इसके अलावा सलमान संगू के नाबाद 34 रन और दिव्यांश राजपूत ने नाबाद 33 रन बनाकर टीम जीत हासिल की।